प्रेषक,                                                                                   आवश्यक / महत्वपूर्ण / समयबद्ध

सचिव,
उ0प्र0 माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद
जगत नारायण रोड, लखनऊ।

सेवा में,

जिला विद्यालय निरीक्षक,
वाराणसी, जौनपुर, चन्दौली, आजमगढ़,
सन्तकबीर नगर, अम्बेडकरनगर,जालौन,
बदायूं, मुजफ्फर नगर एवं मथुरा।

पत्रांक: सं0परि0 / परी0–25 / 1363-69 / 2024–25 दिनांक 15 अप्रैल 2025

**विषय: उ0प्र0 माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद, द्वारा वर्ष 2025 में आयोजित की जा रही डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा हेतु परीक्षा शुल्क जमा करने एवं ऑनलाइन माध्यम से आवेदन पत्र पूरित करने के सम्बन्ध में।**

महोदय

उपर्युक्त विषय के संदर्भ में अवगत कराना है कि उ0प्र0 माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद, जगत नारायण रोड, लखनऊ द्वारा वर्ष 2025 में संचालित डिप्लोमा पाठ्यक्रम के द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा हेतु परीक्षा शुल्क जमा करने एवं आवेदन पत्र पूरित करने आदि कार्यों हेतु तिथियाँ निर्धारित की गयी हैं। आवेदन पत्र पूरित करने की व्यवस्था ऑनलाइन माध्यम से की जायेगी।

डिप्लोमा पाठ्यक्रम की परीक्षा हेतु परीक्षा शुल्क की दरें निम्नवत् निर्धारित हैं:–

| **डिप्लोमा पाठ्यक्रम परीक्षा (द्वितीय सेमेस्टर)** | **परीक्षा शुल्क** |
|---|---|
| डिप्लोमा पाठ्यक्रम | रु0 600=00 प्रति छात्र प्रति सेमेस्टर |

ऑनलाइन माध्यम से परीक्षा शुल्क जमा करने एवं आवेदन पत्र पूरित करने हेतु निम्नवत् समय सारिणी निर्धारित है:–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | परीक्षा शुल्क जमा करने एवं परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाइन पूरित करना। | 01.05.2025 से 10.05.2025 तक |
| 2 | रुपये 25=00 विलम्ब शुल्क के साथ परीक्षा शुल्क जमा करने की तिथि। | 11.05.2025 से 20.05.2025 तक |
| 3 | आवेदन पत्रों में त्रुटि सुधार हेतु वेबसाइट की उपलब्धता एवं आवेदन पत्र की प्रति डाउनलोड करने की तिथि। | 21.05.2025 से 23.05.2025 तक |
| 4 | परीक्षा आवेदन पत्र, परीक्षा शुल्क विवरण, नामावली एवं संख्या सूचक प्रपत्रों की हार्ड कॉपी जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि। | 26.05.2025 |
| 5 | जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय से संकलित संख्या सूचक के साथ आवेदन पत्रादि परिषद कार्यालय में जमा करने की तिथि। | 27.05.2025 |
| 6 | इन्टर्नशिप का आयोजन | 11.05.2025 से 25.05.2025 तक |
| 7 | इन्टर्नशिप आन्तरिक मूल्यॉकन के अंक वेबसाइट पर अपलोड करना | 26.05.2025 से 30.05.2025 तक |
| 8 | प्रवेश पत्र डॉउनलोड करने की तिथि | 01.06.2025 से 08.06.2025 तक |
| 09 | विद्यालय /केन्द्र प्रयोगार्थ नामावली/परीक्षा सामग्री परिषद कार्यालय से प्राप्त करने की तिथि । | 11.06.2025 |
| 10 | डिप्लोमा परीक्षा का आयोजन | जून 2025 के द्वितीय सप्ताह में। |

कृपया उपरोक्तानुसार संदर्भित परीक्षाओं के प्रयोगार्थ परीक्षा आवेदन पत्र भरने एवं परीक्षा शुल्क जमा करने हेतु अपने स्तर से जनपद में डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित करने वाले माध्यमिक संस्कृत विद्यालयों को निर्देशित कर दें कि वे निर्धारित समय सारिणी के अनुरुप परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाइन

माध्यम से पूर्ण कर लें। निर्धारित तिथि समाप्त हो जाने के पश्चात् आवेदन पत्र भराये जाने हेतु कोई विचार नहीं किया जाएगा।

परीक्षा शुल्क का भुगतान सचिव संस्कृत परिषद के बचत खाता संख्या 0303000109098676 आई0एफ0एस0सी कोड PUNB0089410 बैंक का नाम–पी0एन0बी0, शाखा–चौक, लखनऊ में आर0टी0जी0एस0 के माध्यम से जमा किया जायेगा। शुल्क जमा करने के प्रमाण स्वरूप यू0टी0आर0 संख्या/जमा पर्ची उसी तिथि को परिषद की ई–मेल आई0डी0 upmssplucknow@gmail.com पर भेजना होगा। परिषद को शुल्क की धनराशि जमा होने का प्रमाण प्राप्त होने के 24 घंटे के अन्तर्गत विद्यालय हेतु परीक्षा आवेदन पत्र पूरित करने के लिए वेब पोर्टल क्रियाशील हो सकेगा।

डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित करने वाले विद्यालयों की सूची निम्नवत् है–

| |
|---|
| 1.श्री बंशीधर संस्कृत माध्यमिक विद्यालय,गायत्री नगर,सराय नन्दन–वाराणसी |
| 2.श्री उमा महेश्वर संस्कृत माध्यमिक विद्यालय,कोलढेमा–जौनपुर। |
| 3.श्री सम्पूर्णानन्द संस्कृत माध्यमिक विद्यालय,प्रभुपुर– चन्दौली |
| 4.श्री दुर्गा संस्कृत उच्चतर मा0विद्यालय छत्रापुरा सैयदराजा चन्दौली। |
| 5.श्री भवानन्द संस्कृत उच्चतर मा0विद्यालय पुनर्जी जहानागंज आजमगढ़। |
| 6.श्री पारसनाथ पाण्डेय संस्कृत माध्यमिक विद्यालय संतकबीर नगर। |
| 7.श्री भोलानाथ चौरसिया आदर्श संस्कृत विद्यालय नहसाय संत कबीर नगर। |
| 8.श्री लक्ष्मी सरोज संस्कृत उच्चतर मा0विद्यालय कुरमीडीहा रामदास पट्टी अम्बेडकरनगर। |
| 9.राम दुलारी बालिका संस्कृत मा0 विद्यालय सरस्वती नगर मुबारकपुर अम्बेडकरनगर। |
| 10.श्री आदर्श संस्कृत उच्चतर मा0विद्यालय रामनगर उरई जालौन। |
| 11.संस्कृत माध्यमिक विद्यालय अनुभाग वेदामऊ वैदिक विद्यापीठ सं0मा0विद्यालय बदायूं। |
| 12.गुरुकुल संस्कृत मा0विद्यालय सूर्यकुण्ड बदायूं। |
| 13.श्री सुकदेव संस्कृत उच्चतर मा0विद्यालय शुक्रताल मुजफरनगर। |
| 14.श्री रमानन्द आदर्श संस्कृत उच्चतर मा0विद्यालय वृन्दावन मथुरा। |
| 15.श्री भक्ति संस्कृत उ0मा0 विद्यालय वृन्दावन मथुरा। |

उक्तवत् स्थिति से संबंधित माध्यमिक संस्कृत विद्यालयों को निर्देशित कर दें कि वे उपरोक्त समय–सारिणी के अनुसार परिषद कार्यालय को परीक्षा शुल्क आर0टी0जी0एस0 के माध्यम से संदर्भित खाते में जमा कर जमा रसीद प्राप्त कर परिषद को भेजें, ताकि परीक्षा आवेदन पत्र पूरित करने हेतु वेब पोर्टल क्रियाशील हो सके।

परीक्षा आवेदन पत्र में विद्यार्थी का आधार नम्बर अंकित करना अनिवार्य है साथ ही आवेदन पत्र में छात्र विवरण हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनों भाषाओं में अंकित किया जाना अनिवार्य है। छात्र एवं प्रधानाचार्य आवेदन पत्र पर हस्ताक्षर करने से पूर्व आवेदन पत्र में अंकित सभी प्रविष्टियों की भली–भाँति जाँच कर लें ताकि कोई त्रुटि न रहने पाये।

यदि कोई छात्र प्रथम सेमेस्टर में एक विषय में अनुत्तीर्ण हुआ हो तो उसे द्वितीय सेमेस्टर के साथ ही प्रथम सेमेस्टर के अनुत्तीर्ण प्रश्नपत्र की परीक्षा बैक पेपर के रूप मे देने की अनुमति होगी। इस हेतु उसे प्रथम सेमेस्टर हेतु परीक्षा शुल्क पृथक से देना होगा।

कृपया एतदविषयक निर्देश संबंधित संस्कृत माध्यमिक विद्यालयों को अपने स्तर से तत्काल निर्गत करने का कष्ट करें।

भवदीय

15-4-2025

(शिव लाल)

सचिव

उ0प्र0 माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद

जगत नारायण रोड, लखनऊ।

पृष्ठांकन संख्या0: सं0परि0/परी0–25/ /2025–26 तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नांकित अधिकारियों की सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. महानिदेशक, स्कूल शिक्षा, उ0प्र0 लखनऊ।
2. शिक्षा निदेशक (मा0) एवं अध्यक्ष, उ0प्र0 माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद,18–पार्क रोड, लखनऊ।

[illegible] उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ।

5. निदेशक, संस्कृत पाठशालायें, प्रयाग, इलाहाबाद।

6. उप निदेशक, संस्कृत पाठशालायें, संबंधित मण्डल को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि वे अपने मण्डल में स्थित पाठशाला संचालित करने वाले संस्कृत माध्यमिक विद्यालयों को उपरोक्त शासन आदेश एवं निर्देशों के अनुसार परीक्षा सम्बन्धी कार्यों के सम्पादन हेतु आवश्यक कार्यवाही करें।

7. सचिव/प्रधानाचार्य, माध्यमिक संस्कृत विद्यालय उत्तर प्रदेश को इस निर्देश के साथ कि वे निर्धारित समयान्तर्गत परीक्षा शुल्क, ऑनलाइन आवेदन का सम्पादन करते हुए निर्धारित तिथि तक के अनुसार आवेदनपत्र पूरित कराना सुनिश्चित करें।

सचिव

उ०प्र० माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद

उत्तर प्रदेश, लखनऊ।